प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना से मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, किसानों की भलाई के लिए दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को दी गई मंजूरी।
- राज्यभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है विजयादशमी, रांची के मोरहाबादी मैदान में आज शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे रावण दहन कार्यक्रम का उद्घाटन।
- देश भर के एक लाख जनजातीय बहुल गांव और टोलों में आज किया जा रहा है विशेष ग्राम सभा का आयोजन, समुदाय करेगा जनजातीय ग्राम विजन–2030 घोषणा पत्र का अनुमोदन।
- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अर्पित कर रहा श्रद्धा–सुमन, आज मनाया जा रहा है अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी।
- मौसम विभाग ने राज्य के लगभग सभी स्थानों पर आज गर्जन के साथ हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश होने की जताई संभावना, पांच अक्टूबर तक बारिश के आसार।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड समेत देश भर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंज़ूरी दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने देश भर के किसानों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंज़ूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विस्तार से जानकारी दी।

*******************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि हजारीबाग जिले के बरकट्ठा में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी। सोशल मीडिया पर एक सन्देश में उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से बरकट्ठा समेत हजारीबाग जिले के बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

*******************

राज्यभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ आज विजयादशमी मनाई जा रही है। पूरे प्रदेश में आज रावण दहन को लेकर भव्य तैयारियां की गई हैं। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। वहीं, पलामू में विजयादशमी पर 40 फीट ऊँचे रावण का दहन होगा। इधर, लोहरदगा, खूंटी और धनबाद समेत अन्य जिलों में भी रावण दहन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रावण दहन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

*******************

विजयादशमी के अवसर पर रांची समेत विभिन्न जगहों पर सिंदूर खेला का आयोजन हो रहा है। आज सिंदूर खेला के बाद ही मां दुर्गा का विसर्जन किया जाता है। पंडितों के मुताबिक इस बार देवी दुर्गा नौका पर सवार होकर विदा हो जाएंगी। सिंदूर खेला में महिलाएं देवी दुर्गा को सिंदूर अर्पित करने के बाद एक–दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री ने विजय दशमी पर देशवासियों को शुभकानाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख़्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को दशहरे की बधाई दी हैं।

*******************

देश के एक लाख जनजातीय बहुल गांव और टोलों में आज विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में जनजातीय समुदाय औपचारिक रूप से जनजातीय ग्राम विजन–2030 घोषणा पत्र का अनुमोदन करेंगे। यह कदम जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम हस्तनिर्मित उत्पादों पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

*******************

राज्य सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव अलका तिवारी को राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया है। राज्य सरकार ने इस सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार, राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर यह नियुक्ति अगले चार वर्षों के लिए होगी।

*******************

जमशेदपुर में हाथियों के संरक्षण और उनके प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन विभाग और टाटा जू की ओर से 5 अक्टूबर को विशेष मैराथन "रन फॉर गजराज" का आयोजन किया जाएगा।

*******************

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। राजधानी रांची समेत राज्यभर के अन्य जगहों पर जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया है। आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इधर, महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जा रहा है।

*******************

गोड्डा जिले से पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थों के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि जिले के कुरमन इलाके के पास बन रहे नए बाई पास रोड स्थित ओवर ब्रिज के नीचे मादक पदार्थों का सेवन और अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा था। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने यहाँ से 150 ग्राम से अधिक के ब्राउन शुगर बरामद किए।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हलके से माध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि पांच अक्टूबर तक राज्य भर में बारिश होती रहेगी। आज रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, सिमडेगा और जमशेदपुर समेत आसपास के अन्य जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। वहीँ, मेघ गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी संभावना है।

*******************

प्रमुख अख़बारों की ऑनलाइन सुर्खियां –

प्रभात खबर की हेडलाइन है–रावण दहन पर बारिश का साया, रांची समेत झारखंड के 11 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची के मोरहाबादी मैदान की ओर आज वाहनों की नो एंट्री, रावण दहन कार्यक्रम को लेकर अरगोड़ा व धुर्वा रूट में भी बड़े वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है–सरायकेला–खरसाँवाँ जिले में जमीन विवाद में पत्नी के सामने पति की हत्या, तीन आरोपी फरार।

हिंदुस्तान की सुर्खी है–सिमडेगा जिले के एक चर्च में डकैती, 12 अपराधियों ने लूटे लाखों रुपये, की मारपीट।

****************